# हरियाणा बाक्सिंग संघ के सर्वसम्मति से तीसरी बार अध्यक्ष बने मेजर सत्यपाल सिंधु

## सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए एक नवंबर से हर जिले में होंगे खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा बाक्सिंग संघ के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। संघ के अध्यक्ष पद पर मेजर (सेवानिवृत) सत्यपाल सिंधु को लगातार तीसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। खास बात यह रही कि इस बार जितने भी पद थे, उन पर केवल एक-एक प्रत्याशी ने ही नामांकन दाखिल किया था और किसी ने भी उनके खिलाफ पर्चा दाखिल नहीं किया। ऐसे में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। चुनाव प्रक्रिया संघ के रिटर्निंग ऑफिसर अजय सिंह, ओलंपिक संघ के सचिव मंजीत सिंह और राजस्थान बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों में अध्यक्ष मेजर (सेवानिवृत) सत्यपाल सिंधु, महासचिव ओमबीर हुड्डा, कोषाध्यक्ष हितेश देसवाल, उपाध्यक्ष एडवोकेट नवीन, रणबीर, यशवीर राघव और रविंद्र पन्नू, संयुक्त सचिव प्रियंका तेवतिया, नवीन हुड्डा, अनिल शर्मा और सुनील कुमार, कार्यकारिणी सदस्य राहुल, संदीप मोर, सोनू मालिक और बलजीत संधू को बनाया गया हैं। मेजर सिंधु ने घोषणा की कि संघ की ओर से एक नवंबर से बाक्सिंग प्रतियोगिताएं शुरू की जाएंगी, जिनमें हर जिले से खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। चुनाव के दौरान प्रदेश के कोच व खिलाड़ी भी मौके पर मौजूद रहे।

- चुनाव प्रक्रिया संघ के रिटर्निंग ऑफिसर अजय सिंह, ओलंपिक संघ के सचिव मंजीत सिंह और राजस्थान बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई



रोहतक। हरियाणा बाक्सिंग संघ नवनिर्वाचित प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु व अन्य पदाधिकारी।


रोहतक। हरियाणा बाक्सिंग संघ का अध्यक्ष चुने जाने पर मेजर सत्यपाल सिंधु का स्वागत करते पदाधिकारी।

### खिलाड़ियों का भविष्य संवारेंगे



यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे लगातार तीसरी बार यह जिम्मेदारी दी गई। संघ ने जो भरोसा जताया है, उसे मैं पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। हमारा मकसद सिर्फ पद पाना नहीं बल्कि खिलाड़ियों का भविष्य संवारना है। हम हर जिले में बाक्सिंग गतिविधियों को सक्रिय करेंगे। गांव-गांव से नए खिलाड़ियों को सामने लाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। संघ को मजबूत बनाना और हरियाणा को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करना मेरा सपना है।

-मेजर सत्यपाल सिंधु, अध्यक्ष

### निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी



हरियाणा बाक्सिंग संघ का यह चुनाव पूरी पारदर्शिता से सम्पन्न हुआ। सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए, यह संघ की एकजुटता का प्रतीक है। मेजर सत्यपाल सिंधु का अनुभव संघ के लिए बहुमूल्य रहेगा। मुझे विश्वास है कि उनकी अगुवाई में बाक्सिंग को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। खिलाड़ियों को बेहतर अवसर और सुविधाएं मिलें, यह हमारी साझा जिम्मेदारी है। संघ खिलाड़ियों के उत्थान के लिए काम करेगा और उन्हें मजबूत बनाएगा।

-मंजीत सिंह, सचिव, ओलंपिक संघ

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव



आज का चुनाव बेहद सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। हरियाणा में बाक्सिंग की परंपरा मजबूत है, और यह चुनाव उस परंपरा को आगे बढ़ाएगा। सिंधु जी जैसे नेतृत्वकर्ता का चुना जाना खिलाड़ियों के लिए सौभाग्य की बात है। यह निर्विरोध चुनाव संघ की एकता और अनुशासन का उदाहरण है। मुझे यकीन है कि आने वाले वर्षों में हरियाणा से कई इंटरनेशनल खिलाड़ी निकलेंगे। संघ खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए जोर-शोर से काम करेगा।

-धीरेंद्र सिंह, अध्यक्ष, राजस्थान बाक्सिंग संघ




# गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के शिक्षकों का उन्नत सिरेमिक पदार्थ पर प्रकाशित हुआ पेटेंट

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की प्रोफेसर डॉ. नीतू अहलावत और इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (ईईई) विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सरदुल सिंह धायल ने भौतिकी विभाग के शोधार्थी दीपक सैनी के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इनकी संयुक्त शोध-परियोजना का परिणाम स्वरूप एक पेटेंट आवेदन प्रकाशित हुआ है। यह पेटेंट आवेदन 'नीओडिमियम-डोप्ड सीसीटीओ सिरेमिक पदार्थ, जिनमें बेहतर डाइइलेक्ट्रिक गुण हैं' शीर्षक से प्रकाशित हुआ है। यह शोध आधुनिक सूक्ष्म-इलेक्ट्रॉनिक्स की दुनिया में कैपेसिटर, मेमोरी डिवाइस और सेंसर जैसे उपकरणों को नया आयाम दे सकता है।



### विवि के लिए गर्व का क्षण : वीसी

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह पेटेंट प्रकाशन पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। यह पेटेंट हमारे शिक्षकों व शोधार्थियों की नवोन्मेषी सोच को दर्शाता है और गुजविप्रौवि की भूमिका को अत्याधुनिक शोध के केंद्र के रूप में मजबूत करता है, जो राष्ट्र की तकनीकी आत्मनिर्भरता में योगदान देगा।

## खबर संक्षेप

### जींद में करंट लगने से महिला की मौत

जींद। हरी नगर में बिजली का करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। हरी नगर निवासी माया देवी (53) रविवार सुबह घर के निकट ही घेर में पशुओं को चारा डालने के लिए गई थी। अचानक वहां गंडासे के पास माया देवी को करंट का जोरदार झटका लगा। जिससे वह वहीं गिर गई। परिजनों द्वारा माया देवी को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ऑनलाइन परामर्श लेने के नाम पर गवाएं पैसे

कनीना। कमर दर्द से परेशान एक ग्रामीण ने चिकित्सक से ऑनलाइन परामर्श के चक्कर में 75500 रुपये गंवा दिए। पुलिस को दी शिकायत में गाव नौताना निवासी जोगेंद्र ने बताया कि उसकी कमर में दर्द रहता है। जिसके उपचार के लिए 23 अगस्त को एसएमएस जयपुर की महिला न्यूरो चिकित्सक का नम्बर सर्च कर ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लिया। इसके कुछ देर बाद दूसरे नम्बर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति पांच रुपये गूगल पे से भेजने को कहा। इसके बाद 27 अगस्त को उसके बैंक खाते से 75500 रुपये निकाले जाने का संदेश आया।

### कैथल में 10वीं की छात्रा से छेड़छाड़, मामला दर्ज

कैथल। कैथल में एक कॉलोनी में 10वीं की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी पड़ोस का ही रहने वाला है, विरोध करने पर उसने मारपीट भी की। छेड़छाड़ के बाद किसी को इस बारे में बताने पर लड़की को जान से मारने की धमकी भी दी गई।लड़की के पिता ने शहार थाना में दी शिकायत में बताया कि 13 सितंबर को उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी अपने घर पर काम कर रही थी। उस दौरान परिवार के अन्य सदस्य अपने-अपने काम से बाहर गए हुए थे। लड़की घर पर अकेली थी। उसे अकेली देखकर आरोपी प्रवीन उनके घर में घुस गया और लड़की के साथ छेड़छाड़ करने लगा।

### बाइकों की टक्कर में चाचा की मौत, भतीजा घायल

राजौंद। कैथल के गांव किठाना में दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका भतीजा घायल हो गया। गांव रोहेडा निवासी नसीब ने राजौंद थाना में दी शिकायत में बताया कि वह खेत मजदूरी करता है। 12 सितंबर को वह उसके चाचा के पास गांव किठाना में उसकी दुकान पर गया हुआ था। शाम को वह और उसका चाचा मनीष बाइक पर गांव पेगा में निजी काम से गए थे। वापस आते समय एक बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

## प्रदेशभर में राशन के लिए डिपो के चक्कर काट रहे लोग, डिपो धारकों के पास जवाब नहीं

# पीओएस मशीनों का सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं हुआ, 46 लाख को नहीं मिला राशन

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

*जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने महानिदेशक को पत्र लिखकर सितंबर महीने का राशन वितरण जल्द से जल्द संभव करवाने की मांग की।*

हरियाणा में 46 लाख से अधिक गरीबों को इस बार सितंबर का राशन नहीं मिल पाया है। कारण है राशन डिपुओं पर पीओएस मशीनें नहीं चल पाना। विभागीय तौर पर कहा जा रहा है कि पीओएस मशीनों से जुड़े कुछ सॉफ्टवेयर अपडेशन का कार्य चल रहा है और इसी के कारण अभी तक राशन वितरण संभव नहीं हो पाया है। दूसरी तरफ गांवों-कस्बों में गरीब परिवार राशन डिपुओं पर चक्कर काट रहे हैं और डिपू संचालकों के पास भी कोई अपडेट जानकारी नहीं होने के कारण वे कोई स्पष्ट जवाब राशन धारकों को नहीं दे पा रहे। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने भी विभाग के महानिदेशक को पत्र लिखकर सितंबर महीने का राशन वितरण जल्द से जल्द संभव करवाने की मांग की है। बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा एपीएल और बीपीएल श्रेणी के गरीबों को हर महीने राशन डिपुओं के माध्यम से राशन वितरण किया जाता है। फिलहाल उन गरीब परिवारों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जो बरसात और जलभराव वाली स्थिति में फंसे हैं। एक तरफ प्राकृतिक आपदा और दूसरी तरफ सरकार की ओर से राशन वितरण में इस माह हो रही देरी के कारण पात्र गरीब परिवार राशन नहीं मिल पाने से परेशान हैं।



### डिपुओं पर पहुंचा राशन मशीनें नहीं कर रही काम

राशन डिपुओं पर राशन वितरण की तैयारी की बात करें तो राशन डिपुओं पर राशन पहुंच चुका है। डिपुओं पर राशन सामने पड़ा पड़ा है, लेकिन सॉफ्टवेयर अपडेट न होने कारण पीओएस मशीनें काम नहीं कर रहीं, जिस कारण राशन वितरण नहीं हो पा रहा।आमतौर पर हर महीने की एक से 5 तारीख तक पात्र परिवारों तक राशन पहुंच जाता है, मगर इस माह 15 दिन बीत जाने के बाद भी राशन नहीं मिल पाने से परेशानी अधिक बताई जा रही है।

### उपभोक्ता बाजार से खरीद रहे हैं महंगा राशन

राशन डिपू पर चक्कर काट रहे उपभोक्ता काशीराम, माया देवी, सुनील, बिमला, सुरेन्द्र, रामनिवास, सुशीला आदि उपभोक्ता को कहना है उनके घर का राशन खत्म हो चुका है। 14 दिन बीते जाने के बाद भी उन्हें राशन नही मिला, मजबूरन उन्हें बाजार से महंगा राशन लेना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द राशन डिपूओं के माध्यम से राशन वितरित करने की मांग की है ताकि महंगा राशन खरीदने से उन्हें राहत मिल सके। बता दें कि एपीएल व बीपीएल परिवारों को प्रदेश सरकार राशन डिपूओं के माध्यम से प्रति माह गेहूं, चीनी, सरसों का तेल व बाजरा इत्यादि रियायती दरों पर वितरित करती है। सूत्रों के अनुसार राशन वितरण नहीं हो पाने की स्थिति में प्रदेश स्तर पर खाद्य, नागरिक एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर के साथ विभाग के महानिदेशक व सभी जिलों के डीएफएससी की एक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक भी आयोजित हुई जिसमें राशन वितरण जल्द शुरू करवाने को लेकर तकनीकी कार्यों के अपडेशन की समीक्षा हुई। बैठक में मालूम हुआ कि एक से दो दिन का समय अभी पीओएस मशीनें के चालू होने में लगेगा।

### जल्द राशन वितरण शुरू होने की उम्मीद

हमने मुख्यालय को पत्र लिखा है और हमें आश्वासन मिला है कि आज या कल तक राशन वितरण शुरू हो जाएगा। पीओएस मशीनों में तकनीकी तौर पर कुछ अपडेशन का काम चल रहा है जिसकी वजह से इस महीने राशन वितरण में देरी हुई है।

-विनीत जैन, डीएफएससी फतेहाबाद

## शाम सात बजे की घटना : डॉक्टर प्रतीक पार्क में सैर कर रहे थे, पीजीआई रेफर

# कैथल में बदमाशों ने डॉक्टर को गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल के सेक्टर 21 में रविवार को सायं करीब सात बजे स्कूटी सवार एक बदमाश द्वारा शहर करने गए एक डॉक्टर पर गोली चला दी। गोली उसके पेट के आर पार हो गई। उसे कैथल के निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने के चलते उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। हादसे में घायल युवक की पहचान सेक्टर 19 के डॉक्टर प्रतीक के रूप में हुई है। वह शाम के करीब सात बजे सेक्टर 21 में सैर करने के लिए आया हुआ था। जैसे ही वह सैर कर रहा था तो वहां पर एक अज्ञात स्कूटी इस बार युवक आया तथा उसने आते ही उसे पर गोली चला दी। गोली डॉक्टर के पेट में लगी जो आर पार बताई जा रही है। सूचना मिलते ही डीएसपी मुख्यालय वीरभान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### शाहबाद के आदेश अस्पताल में डॉक्टर

वही इस घटना से सेक्टर 21 में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि लोगों को अब सैर करना भी मुश्किल दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है की डा. प्रतीक आदेश अस्पताल शाहाबाद में नौकरी करते हैं। लोगों का कहना है कि मामला पैसों के लेनदेन से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।यही नहीं पुलिस द्वारा मौके पर जांच के लिए एफएसएल की टीम भी बुलाई गई है तथा अन्य कर्मचारी भी जांच में जुटे हैं। पुलिस हमलावर की गिरफ्तारी में जुटी है

### मारकंडा नदी में डूबी 14 साल की नाबालिग

कुरुक्षेत्र। निकटवर्ती गांव कलसाना के पास मारकंडा नदी में नहाने हुए एक किशोरी पानी के तेज बहाव के साथ बह गई। इस घटना से परिवार और आसपास के लोग गहरे सदमे में हैं। जानकारी के अनुसार 2 किशोरियां पूजा के दौरान नदी में नहाने के लिए उतरी, अचानक वह दोनों डूबने लगी। गांव कलसाना के एक गोताखोर जितेंद्र कुमार ने 12 वर्षीय नीलम को तो डूबने से बचा लिया, लेकिन जैसे ही वह दूसरी किशोरी संजू देवी 14 वर्षीय को बचाने के लिए पुनः नदी में उतरा तो उसका खुद का पैर दलदल में फस्स गया। इस दौरान संजू देवी पुत्री राम बाबू तेज बहाव में बह गई। सूचना पुलिस और गोताखोर प्रगट सिंह को दी गई। जिसके बाद देर शाम तक नदी में गोताखोर की टीम ने सर्च अभियान चलाया, लेकिन खबर लिखे जाने तक बच्ची संजू देवी का कुछ पता नहीं चला। प्रगट सिंह ने बताया कि नदी में बरसात का लाल पानी बह रहा है, लेकिन फिर भी उनकी टीम के सदस्य बच्ची को ढूंढने में जुटे है।

## लैब टेक्नीशियन से दस लाख की ठगी

यमुनानगर। साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में मोटे मुनाफा का लालच देकर शहर के एक अस्पताल के लैब टेक्नीशियन से 10 लाख 51 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शहर की रघुनाथपुरी कालोनी निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जगाधरी मार्ग स्थित अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। गत 21 जुलाई को उसने गूगल प्ले स्टोर से ऐप को डाउनलोड किया। इसके बाद उसका नंबर एक वॉट्सऐप ग्रुप से जुड़ गया। इस ग्रुप की एक तनुश्री नामक महिला ने उससे संपर्क किया। आरोप है कि तनुश्री ने शेयर मार्केट में निवेश के बड़े बड़े ऑफर दिए और एक अन्य फर्जी ऐप का लिंक भेजा। इसके बाद दस लाख से ज्यादा की ठगी कर ली।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

गुरुग्राम। सेक्टर-37 एरिया में बीकानेर चौक के पास पेड़ पर एक युवक का शव लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। युवक का मर्डर किए जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवा दिया और जांच कर रही है।जानकारी अनुसार, सेक्टर-37 फेस-2 के बीकानेर चौक के पास रविवार की दोपहर को राहगीरों ने पेड़ से एक शव लटका देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया। इसकी पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान का प्रयास किया, लेकिन उसकी अभी पहचान नहीं हो पाई है।

# 4 नशा तस्करों की 1.46 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू, जल्द चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक बार फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व मंभ जिले के चार कुख्यात नशा तस्करों की 1.46 करोड की अवैध संपत्तियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68(एफ) के अंतर्गत जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह सम्पत्तियां नशा तस्करी से अर्जित काली कमाई से खरीदी गई थी। प्रशासन द्वारा जल्द ही इन पर बुलडोजर चलाया जाएगा।एसपी सिद्धांत जैन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब सिर्फ जेल नहीं, बल्कि नशे की कमाई से अर्जित हर संपत्ति भी जाएगी। अगला निशाना कौन होगा, यह पहले ही तय हो चुका है।



### जांच के बाद की गई कार्रवाई

एसपी ने बताया कि पुलिस एनडीपीएस एक्ट की धारा 68(एफ) के तहत अब तक 13 से अधिक नशा तस्करों की संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया पूरी कर चुकी है। कुल जब्त संपत्ति का अनुमानित मूल्य 3 करोड 90 लाख 82 हजार 157 रुपये है। इनकी संपत्तियों पर बुलडोजर चलने की कार्रवाई प्रस्तावित है।

### निशाने पर नशे के सौदागर

आज जिन तस्करों की संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, उनमें पहला नाम संदीप पुत्र सुभाष चंद्र निवासी काजलहेड़ी का है। पुलिस ने उसकी जमीन व चार मोटरसाइकिल जब्त किए गए हैं जिनकी कीमत 51 लाख 35 हजार रुपये है। दूसरा नाम थाना भूना के अंतर्गत आने वाली गांव मोहम्मदपुर सोत्तर गांव के जगसीर सिंह उर्फ जग्गू उर्फ लम्बू पुत्र जारा सिंह का है। पुलिस ने उसका मकान, दो कारें, दो मोटरसाइकिल व एक ट्रैक्टर जब्त किया है जिसकी अनुमानित कीमत 37 लाख 15 हजार रुपये है। तीसरा नाम थाना सदर रतिया के अंतर्गत आने वाले ढाणी नूरपुर दीवाना निवासी काला सिंह पुत्र दारा सिंह का है। पुलिस ने नगद राशि, एक कार व एक ट्रैक्टर जब्त किया है जिसकी अनुमानित कीमत 8 लाख रुपय है। चौथा नाम थाना सदर रतिया के अंतर्गत आने वाले गांव महमड़ा निवासी मंजीत सिंह उर्फ मिता पुत्र करतार सिंह का है। पुलिसने उसकी जमीन व कार को जब्त किया है जिसकी कीमत 50 लाख रुपये है।

# सीआईए सब इंस्पेक्टर को गोली मारने के आरोपी को पुलिस ने देहरादून में घेरा, खुद को गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरिद्वार में जींद पुलिस के सीआईए सब इंस्पेक्अर पर पर जानलेवा हमला करने के आरोपित सुनील कपूर ने रविवार को देहरादून में अपने रिश्तेदार के आवास पर संदिग्ध हालात में गोली मार कर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान जींद पुलिस तथा उत्तराखंड पुलिस ने मकान को घेरा हुआ था। जिला पुलिस को मृतक की पिछले लगभग एक साल से तलाश थी। बाजरान मोहल्ला निवासी सुनील कपूर (35) की जिला पुलिस को अपराधिक मामलों में तलाश थी। जो कि लगभग एक साल से भूमिगत था। शनिवार शाम को सूचना के आधार पर सीआईए जींद टीम ने सुनील कपूर को हरिद्वार बस अड्डा के निकट घेर लिया था। जिस पर आरोपित ने पुलिस पर फायर कर दिया। गोली लगने से सीआईए सब इंसपेक्टर सुरेंद्र घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। देर रात को हरियाणा एसटीएफ हरिद्वार पहुंची तथा उतराखंड पुलिस ने आरोपित की धरपकड़ के लिए ज्वायंट आप्रेशन शुरू किया।

## रिश्तेदार के घर पर छुपा था सुनील कपूर, एक साल से पुलिस कर रही थी तलाश

### हरियाणा व उत्तराखंड पुलिस का संयुक्त आपरेशन



रविवार को सुनील कपूर के देहराढून के लक्ष्मण चौक के निकट एक मकान में छिपे होने की सूचना आप्रेशन लगे संयुक्त बल को मिली। जिस पर टीम ने मकान को घेर लिया। मकान सुनील कपूर के रिश्तेदार का था। जिस का दरवाजा बाहर से बंद था। रिश्तेदारों की मौजूदगी में जब दरवाजा खुलवाया गया तो आरोपित ने खुद को गोली मार ली और उसकी मौत हो गई। सीआईए कर्मी पर जानलेवा हमला करने पर हरिद्वार पुलिस ने सीआईए प्रभारी मनीष की शिकायत पर सुनील के खिलाफ जानेलवा हमला करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

### आरोपी पर जींद व यमुनानगर में केस दर्ज थे

मृतक के खिलाफ जींद के सिविल लाइन थाना, शहर थाना, युमनानगर में भी मामले दर्ज थे। आरोपित पुलिस अधिकारियों व कर्मियों की छवि खराब करने के मामले में वांछित था। अक्टूबर 2024 से फरार चल रहा था। जिसकी जिला पुलिस को तलाश थी। मृतक आशरी गेट पर ज्वलैर्स की दुकान चलाता था। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामलों में वांछित सुनील कपूर ने देहराढून में खुद को गोली मार आत्महत्या कर ली है। संयुक्त टीम ने आरोपित के ठिकाने को घेरा हुआ था। रिश्तेदारों की मौजूदगी में दरवाजा खुलवाया तो आरोपित ने खुद को गोली मार ली। मृतक पहले मामलों में वांछित था। आरोपित को हरिद्वार में घेरा तो सीआईए पुलिसकर्मी को गोली मार घायल कर दिया था। जिसके बाद उतराखंड पुलिस के साथ ज्वायट आप्रेशन चलाया गया था।

